PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Monday 22nd December 2014, Page: 8
Width: 7.70 cms, Height: 3.63 cms, a4, Ref: pmin.2014-12-22.39.40

यूरिन इनफेक्शन की दवा FDA से मंजूर

प्रस, नई दिल्ली : अमेरिका के फेडरल ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने जटिल किस्म के यूरिनरी ट्रैक इन्फेक्शन (यूटीआई) से निपटने के लिए नई दवा को मंजूरी दी है। इसका नाम 'जेरबैक्सा' है। इसमें सेफ्टोलोजेन और टैजोबैक्टेम नाम के सॉल्ट का इस्तेमाल किया गया है। इस मंजूरी से भारत समेत दुनिया के तमाम देशों के यूटीआई पेशेंट्स को फायदा होगा। भारत में भी जटिल किस्म के यूटीआई पेशेंट की तादाद काफी है। खासकर महिलाएं यूटीआई की चपेट में ज्यादा आती हैं।